नागौद में भाईचारे के साथ मनाया गया गई ईद उल अजहा का त्योहार

ईदगाह में नमाज अदा कर देश में अमन चैन के लिए मांगी गई दुआ

नवभारत न्यूज

नागौद 28 मई, स्थानीय ईदगाह में मुस्लिम समुदाय ने कुर्बानी के त्यौहार ईदुल अजहा पर नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारक वाद दिया, हिन्दू भाइयों ने भी पहुंच कर मुस्लिम बंधुओं से गले से लगा कर एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

हाफिज मुफ्ती अमन मिस्बाही ने सुबह 8 बजे ईदगाह में बगीचा वाली मस्जिद 8.30 पर मंसूरी मस्जिद 8.45 पर ईद की नमाज पढ़ाई गई । इस दौरान देश में खुशहाली एवं आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। हिंदू मुस्लिम भाइयों ने मिष्ठान खिलाकर गले मिलकर मुबारकबाद दी इस दौरान कानून व्यवस्था कायम रखने थाना प्रभारी अशोक पांडेय, उपनिरी मुनेश भारती राम सुरेश अहिरवार श्यामलाल रावत आरक्षक अनिल वर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा, वही मुस्लिम समुदाय को खास त्यौहार ईद की बधाई देने के लिए वरिष्ट कांग्रेस नेता विनीत सिंह विनुनु भैया पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेंद्र सिंह पप्पू भैया ईदगाह सदर मुहम्मद हामिद प्रदेश उपाध्यक्ष माइनॉरिटी शहर अध्यक्ष एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी प्रदेश कार्डियंटर विनोद कुशवाहा वरिष्ट कांग्रेस नेता डॉक्टर राजवेंद्र सिंह उमरी पप्पू सिंह परसवारा सिंह रमेश महाराज रामनीहोर पटवारी जिला अध्यक्ष फिरोज आलम अनवर सिद्दीकी सदर अलीम मंसूरी सदर शमीम बाबा सदर हसमत सदर डॉक्टर इकबाल लतीफ खान पोपल पूर्व पार्षद मोहमद सोहराब रियाज अहमद गोलू कलीम बउआ सदर उमर सिद्दीकी मोहम्मद हामिद एम एच डी सके फिरोज सिद्दीकी माही अयान सिमरान अली अलस सिद्दीकी मोहमद इस्लाम कलीम अहमद इश्ताक राजू असद फजल सहित सभी लोग मौजूद रहे।

बरहना में सजी पुलिस जन चौपाल, सुनी समस्याएं

- पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुन किया संवाद

नवभारत न्यूज

कोठी 28 मई, रीवा जोन आईजी गौरव राजपूत के आपकी पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत कोठी अंतर्गत बरहना गांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी रघु केशरी सहित कोठी थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

संवाद के दौरान ग्रामीणों ने खुले तौर पर अपनी समस्याएं रखीं। स्थानीय निवासियों ने तालाब के पास अनावश्यक नशेड़ियों के जमावड़े और कुछ स्थानों पर अवैध शराब बिक्री की शिकायत के साथ पंचायत स्तर की बुनियादी अव्यवस्थाओं पर भी खुलकर चर्चा किया, इस पर गंभीरता दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह द्वारा एसडीओपी और थाना प्रभारी को तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग ब?ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सुरक्षा और सहायता का भरोसा दिलाते हुए किसी भी अपराध की सूचना बिना किसी हिचकिचाहट पुलिस को देने की बात कही गई, बैठक में साइबर फ्रॉड, सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, जैसे मामलों पर सीधा संवाद करते हुए जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित नागरिकों के साथ अपने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर साझा किए।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या सूचना साझा करने के लिए ग्रामीण सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, थाना स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।

भक्तों का तारण करने भगवान जरुर आते हैं : कथा व्यास

नवभारत न्यूज

अमदरा 28 मई, ग्राम करतहा शिव मंदिर टोला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन गुरुवार को कथाव्यास महेश पाण्डेय महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।

कथा के दौरान सुदामा जी के जितेंद्रिय स्वभाव और भगवान कृष्ण के प्रति उनकी परम मित्रता का उल्लेख किया गया। बताया गया कि सुदामा भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे और गरीबी के बावजूद हमेशा भगवान के ध्यान में लीन रहते थे। उनकी पत्नी सुशीला ने बार-बार उनसे आग्रह किया कि वे अपने मित्र द्वारकाधीश कृष्ण से मिलें, शायद वे उनकी मदद कर सकें। पत्नी के कहने पर सुदामा द्वारका पहुंचे। जब द्वारपाल ने भगवान कृष्ण को सुदामा के आगमन की सूचना दी, तो कृष्ण नंगे पैर दौड़कर आए और अपने मित्र को गले लगा लिया। सुदामा की दीन दशा देखकर कृष्ण की आंखों से अश्रुओं की धारा बहने लगी। कृष्ण ने सुदामा जी को सिंहासन पर बैठाकर उनके चरण धोए, और सभी पटरानियों ने सुदामा जी से आशीर्वाद लिया। जब सुदामा विदा लेकर अपने स्थान लौटे, तो भगवान कृष्ण की कृपा से उन्हें महल प्राप्त हुआ, लेकिन वे अपनी फूस की कुटिया में रहकर ही भगवान का स्मरण करते रहे। कथाव्यास ने कहा कि जब-जब भक्तों पर विपदा आई है, प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। इस अवसर राजेश पाण्डेय विकाश मिश्रा शिवप्रसाद मिश्रा जी दीपक कंछेदी लाल पाण्डेय संजय विपिन और सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जाम की झाम में रोज फंस रही एंबुलेंस

- सड़क पर अतिक्रमण बना बड़ी समस्या

नवभारत न्यूज

नागौद 28 मई, नगर परिसद नागौद के सिंहपुर चौराहा से अस्पताल चौराहा मार्ग तक लोगों को रोजाना भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खासकर धर्मशाला चौक, पोस्ट ऑफिस चौक और नगर पालिका कार्यालय के सामने सड़क किनारे दुकानों के अतिक्रमण के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि मरीजों को लेकर जाने वाली एंबुलेंस तक जाम में फंस रही हैं। कई बार गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में देरी हो रही है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा सामान बाहर तक फैलाने और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण मार्ग संकरा हो गया है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। रोजाना लगने वाले जाम से आम नागरिक, स्कूली बच्चे और मरीज सबसे ज्यादा परेशान हैं। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करे और मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराए, ताकि एंबुलेंस जैसी जरूरी सेवाएं प्रभावित न हों।

मौहरिया पटवारी की लापरवाही से परेशान किसान ने कलेक्टर को दिया शिकायती पत्र

फॉर्मर आईडी में रकवा न चढ़ाए जाने का मामला

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 28 मई, मैहर कलेक्टर जन सुनवाई दिनांक 12/5/2026 को आवेदन क्रमांक 41 तहसील अमरपाटन अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर आठ मौहरिया लालन के हल्का पटवारी दीपक त्रिपाठी द्वारा फार्मर आईडी मे प्रार्थी के जमीन का नंबर न जोडने के संबंध मे एक शिकायती आवेदन पत्र दिया है जिसमे उन्होने कहा है कि प्रार्थी रविनंदन द्विवेदी मौहरिया जगन्नाथ के निवासी है.

प्रार्थी के नाम 7248 हेक्टेयर कुल 14 किता कृषि भूमि है लेकिन हल्का पटवारी द्वारा फार्मर आईडी मे सिर्फ एक नंबर की आराजी नंबर 102 रकवा 0.057 हेक्टेयर दर्ज की गई है बाकी आराजियां दर्ज नही की गई है जिसके चलते प्रार्थी को रसायनिक खाद नही मिल पा रही है खाद न मिलने की वजह से प्रार्थी के खेत मे बुवाई किया जाना संभव नही है इसी प्रकार से मौहरिया लालन की मांडवी द्विवेदी द्वारा आवेदन पत्र मैहर जिला कलेक्टर को दिया गया है जिसमे उन्होने आरोप लगाया है कि मौहरिया जगन्नाथ की निवासी हू प्रार्थी की कृषि भूमि मौहरिया मथुरियान मे 11 एकड के लगभग है पिछले वर्ष उक्त जमीन का पैसा तथा गेंहू तथा धान विक्रय हेतु रजिस्ट्रेशन था लेकिन इस वर्ष सन 2026 मे गेंहू का रजिस्ट्रेशन हल्का पटवारी के द्वारा निरस्त कर दिया गया है जिसकी वजह से प्रार्थी का गेहू खरीदी केंद्र मे नही लिया जा रहा है बार बार कहने के बावजूद हल्का पटवारी द्वारा नक्शा तरवीन नही किया जा रहा है जिससे के हम लोगो का 200 क्विंटल के लगभग गेहू खरीदी केंद्र मे नही लिया गया किसान पटवारी के कार्यो से त्रस्त है किसानो ने मांग की है कि हल्का पटवारी को तत्काल हटाया जाए वैसे भी पटवारी साहब सतना से आते है कभी आते है कभी नही किसान तहसील का चक्कर लगाते रहते है कुछ किसानो के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि पटवारी साहब को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है किसान मरे या जिए लेकिन इसमे कोई उनको फर्क नही पडता इसी प्रकार की शिकायत 181 मे भी की गई है लेकिन इसका कोई निराकरण नही हुआ है।

श्रीमती शशि पाण्डेय को दिया श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

कोटर 28 मई, जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान के सीईओ की माता श्रीमती शशि पाण्डेय का लम्बी बीमारी के बाद जबलपुर के मेट्रो हॉस्पिटल में विगत दिनों निधन होने पर क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया।

जानकारी मिलने पर शुभ चिंतकों ने शोक श्रद्धांजलि दी एवं राहुल पाण्डेय को इस असीम दुख की घड़ी में सहन शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी उपाध्यक्ष श्रीमती साधना मिश्रा सुनील त्रिपाठी पप्पू सरपंच रवि सिंह बिहरा अधिवक्ता मृत्युंजय मिश्रा रामेश्वर त्रिपाठी गंगा प्रसाद मिश्रा सव्यसाची मनभरण शुक्ला बालकृष्ण त्रिपाठी डॉ रमेश मिश्रा नरेन्द्र पाण्डेय संजय तिवारी विनोद तिवारी धर्मेन्द्र शुक्ला अधिवक्ता श्री मती शैव्य पाण्डेय काशी तिवारी कोटर राकेश त्रिपाठी सरपंच मोहनिया वेदनारायण द्विवेदी प्रमुख है। बताया जाता है कि राहुल पाण्डेय के पिता श्री वेद प्रकाश पाण्डेय जो कई वर्षों तक सरपंच थे उनका निधन कुछ वर्षों पूर्व हो गया था इनकी बहन भूमिका पाण्डेय नायब तहसीलदार उमरिया है।

सतना में आध्यात्मिक संत समागम का भव्य आयोजन

सतना, 28 मई, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से टीएमडी उत्सव हॉल के समीप झूलेलाल पार्क में विशाल संत समागम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बिलासपुर (छत्तीसग?) से सम्मिलित हुए ज्ञान प्रचारक महात्मा संतोष सिंह ने सतगुरु की शिक्षाओ का वर्णन किया। इस आयोजन में श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 84 लाख योनियों के पश्चात प्राप्त यह मानव जीवन मोक्ष का द्वार है।

तिहाई में 3 जून को लगेगा नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

कोटर 28 जून, जिले के कोटर क्षेत्र अंतर्गत तिहाई ग्राम पंचायत में 3 जून को विशाल नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन रामपुर बघेलान जनपद सभापति विनोद तिवारी के पिता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्राम पंचायत भवन तिहाई में होगा। शिविर में क्षेत्र के लोगों को नेत्र जांच के साथ-साथ बीपी, शुगर, बुखार एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच एवं परामर्श का लाभ मिलेगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

नेत्र चिकित्सालय में हुआ पौधरोपण

एक वृक्ष पद्मश्री स्व . डॉ बीके जैन के नाम भी लगा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 28 मई, परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट जानकीकुंड के चिकित्सालय प्रांगण में आज वृक्षारोपण किया गया और एक वृक्ष पद्मश्री स्व डॉ बी के जैन के नाम भी लगाया गया।

सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं निदेशक डा इलेश जैन ने बताया कि पद्मश्री स्व डॉ बी के जैन हर वर्ष वृक्षारोपण समय समय कराते थे और लोगों से अपील करते थे कि एक वृक्ष हर व्यक्ति को लगाना चाहिए और उसकी पूरी देख रेख करके तैयार करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है उसी तरह प्रकृति भी अपना असर कही न कहीं हमको दिखा रही है, आप देख रहे है कि किस तरह भीषण गर्मी हर वर्ष बढ़ रही है ये प्रकृति और पर्यावरण से छेड़छाड़ का ही परिणाम है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाए और उसकी पूरी देख भाल कर तैयार करे क्यों कि वृक्ष जीवन का आधार है। डॉ जैन ने कहा कि प्रकृति का दोहन ना खुद करें और ना दूसरों को करने दे अगर कोई व्यक्ति ऐसा कर रहा है तो उसे रोकें और समझने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सदगुरू परिवार ने 5100 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है और बताया कि सदगुरू परिसर का 50प्रति. हिस्सा वृक्षारोपण के लिए समर्पित है,क्यों कि "वृक्ष है तो कल है"और वृक्ष से हम सबका जीवन है। इस मौके पर महिला समिति की अध्यक्षा उषा बी जैन , वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ अलोक सेन, डॉ राजेश जोशी, आर बी सिंह चौहान, देवेंद्र सचान, आर पी मिश्रा, ऋषि बोरा,चंद्रशेखर तिवारी, डी एस तिवारी एवं मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला सहित सभी चिकित्सक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एलटी लाइन टूटी ,विभाग को हादसे का इंतजार

नवभारत न्यूज

नागौद 28 मई, मप्र विद्युत मंडल के जसो केंद्र अंतर्गत ग्राम हनुमानपुर में रमेश कुशवाहा के घर के पास लगभग बीस दिन से ऊपर घरेलू लाइन की तार ट्रांसफार्मर के पास टूटी पड़ी है।



ग्रामवासियों ने जनहानि न हो इसलिए लिए संबंधित विभाग एवं कर्मचारियों को सूचना दे दी है लेकिन विभाग बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

जब तक कोई बड़ी घटना नहीं होगी आला अधिकारी संज्ञान लेने से रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि नीचे भैंस आदि बंधती हैं लोगों का आना जाना है किसी दिन बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है।

उल्लास नवभारत साक्षरता की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना, 28 मई, 27 मई को नागौद विकास खंड में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक में असाक्षरों के सर्व एवं रजिस्ट्रेशन तथा अक्षर साथियों के रजिस्ट्रेशन Nilp app में कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई. बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी,संकुल प्राचार्य ,जिला सह समन्वयक साक्षरता , विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक ,विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता, संकुल सह समन्वयक साक्षरता एवं जन शिक्षक उपस्थित रहे.

पूजा अर्चना कर जताया जल स्त्रोतों का आभार

सर्जना का तीन ग्रामों में कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सतना 28 मई, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशहरा के अवसर पर ऊंचेहरा जनपद के पिथौराबाद आदिवासी बस्ती, अटरा नई बस्ती और लालपुर आदिवासी बस्ती में ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाल कर जल स्त्रोतों की पूजा अर्चना की.

सालभर उन्हें बिना रुके जरूरत का पानी देने के लिए आभार जताया। इस दौरान इन गांवों में जल संकट की समस्याएं भी सामने आईं।

कहीं हैंड पंप सूखे तो कहीं पाइप लाइन की कमी- नवांकुर संस्था सर्जना पिथौराबाद के आयोजकत्व और स्थानीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से आदिवासी बस्ती पिथौराबाद स्थित अमृत जल सरोवर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि लाखों में बने इस सरोवर के निर्माण में तकनीकी गड़बड़ी के कारण बारिश का पानी तो एकत्र होता है पर जल्द बह भी जाता है। यदि सरोवर के उछला को ऊंचा और सरोवर को गहरा कर दिया जाए तो बस्ती का जल स्तर बढ़ जाएगा। यह भी बताया कि आदिवासी बस्ती के अधिकांश हैंडपंप बंद हैं। एक हैंडपंप में पर्याप्त पानी है जहां से शेष बस्ती में पानी वितरण की व्यवस्था कराई जाए। कार्यक्रम में सर्जना अध्यक्ष सुरेश दाहिया, ग्राम विकास प्रस्?ुटन समिति अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, सचिव सौखीलाल कुशवाहा व परामर्शदाता ओम प्रकाश त्रिपाठी की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

राहगीरों को मीठा जल पिलाया

नवभारत न्यूज

सतना 28 मई, गंगा दशहरा दिनांक 26 मई 26 को शिव सेवा संकल्प संस्थान के सदस्यों ने सिटी कोतवाली के सामने आम नागरिकों एवं राहगीरों को तपती धूप से राहत के लिए मीठा पेय पिलाया गया लावारिश और गायों एवं पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था की गई है वानर सेना ने सेवा में सहयोग देने वाले सभी का आभार जताया।

नरहठी में चलाया गया स्वच्छता एवं जल संवर्धन जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

सतना 28 मई, उचेहरा जनपद के ग्राम पंचायत नरहठी में जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू द्वारा चलाये जा रहे स्वक्षता एवम जल सम्वर्धन जागरूकता अभियान के तहत नरहठी में हुये 9 वें दिन के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 स्थित नलकूप परिसर के आसपास जनसहयोग से श्रमदान कर सफाई के माध्यम से जनता को जागरूक किया गया.

साथ ही आने वाले समय में ग्राम पंचायत के पंच अपने अपने क्षेत्र के वार्डों में जनसहयोग से श्रमदान कर अपने वार्ड को साफ सुथरा रखने स्वच्छता का कार्यक्रम निरंतर जारी रखेंगे का आह्वान किया करते ये संकल्प भी दिलाया गया। इसके साथ ही इस अभियान में पूरे पंचायत की व्यवस्था , शासन की योजनाओं और आवश्यकताओ को जांचा व परखा गया। नरहठी गांव में अभी तक कोई खेल मैदान न बावली है। तालाब व नदियों की कोई संरचना नहीं है। बर्तमान समय की आवश्यकता - टमस और बरूवा नदी के मध्य गांव के किसानों की भूमि हैं। इन दोनों नदियों के संगम पर संकरौधा नाला में पुल की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण नदियों से घिरी भूमि में खेती कर सकें। श्रमदान के अगले प?ाव की शुरुआत आज 29 को गुढ़वा पंचायत से होगी। काबिलेगौर है कि इस अभियान की शुरुआत 17 मई से जनपद की ग्राम पंचायत पोड़ी गरादा से हो हुई थी । यह अभियान वार्ड 8 की सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा । श्रमदान अभियान में ग्राम पंचायत के समस्त पंच , सरपंच पुष्पेंद्र सिंह , जनपद सदस्य व ग्रामीण जनो ने भी अपनी सहभागिता निभाई । उक्त कार्यक्रम पोड़ी गरादा, पिपरी कला, करही खुर्द, करही कला, गडौली, रगला, लोहरौरा, तिघरा, नरहठी, गोबराव खुर्द में सम्पन्न हो चुका है इसके बाद गुढ़वा पंचायत में आज चलाया जाएगा । किसी जनप्रतिनिधि का इस तरह से चलाए जा रहे अभियान की हर जगह प्रसंसा हो रही हैं कि कोई तो जनप्रतिनिधि सतही हकीकत जानने अपने क्षेत्र में पहुंचा।